VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI

(Academic Session: 2026-27)

Date: ________ Class: 4 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi

Name: ____ Revision Worksheet: No. 2

मधुप – पाठ 9. स्वाभाविक दान

❖ कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए :

क. पेड़ किसी से क्या नहीं पूछता?

उत्तर : पेड़ किसी से आने के स्थान के बारे में नहीं पूछता।

ख. फूल क्या नहीं सोचता ?

उत्तर : फूल नहीं सोचता कि उसे कौन पाएगा ।

ग. किसे कोई भ्रम नहीं है?

उत्तर : जो स्वभाव से दाता हैं उन्हें कोई भ्रम नहीं है ।

❖ कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए :

क. बादलों का स्वभाव कैसा है?

उत्तर : बादल अपने पास जल का संचय नहीं कर पाते । जब उनके पास जल अधिक हो जाता है तो वे बरसकर नदी, नहर और जलाशय भर देते हैं।

ख. भेदभाव कौन करता है ?

उत्तर : छोटी सोचवाले व्यक्ति भेदभाव करते हैं अर्थात जो संपूर्ण विश्व को अपना नहीं मानते केवल अपने सगे-संबंधियों और पसंदीदा व्यक्तियों को ही लाभ पहुँचाना चाहते हैं वे भेदभाव करते हैं ।

ग. कविता में सच्चा दानी किसे कहा गया है और क्यों?

उत्तर : कविता में पेड़, फूल और बादल को सच्चा दानी कहा गया है क्योंकि ये बिना स्वार्थ और भेदभाव से दान करते हैं।

घ. प्रस्तुत कविता का भाव लिखिए ।

उत्तर : इस कविता में कवि ने हमें प्रकृति से प्रेरणा लेकर स्वाभाविक दान देने की प्रवृत्ति अपनाने को कहा है। कवि ने बताया है कि प्राणियों को पेड़ छाया, फूल, खुशबू तथा बादल पानी देता है । प्रकृति ये तत्व बिना भेदभाव के समान रूप से सबको देते हैं । हमें भी इनके समान देने की प्रवृत्ति अपनाना चाहिए ।